बिहार सरकार
आपदा प्रबंधन विभाग

प्रेस नोट

दिनांक–24.08.2016

गंगा नदी के बढ़े हुए जल स्तर एवं तेज जल प्रवाह के कारण गंगा नदी के किनारे अवस्थित सभी जिलों में कमोवेश बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। पटना, वैशाली, भोजपुर एवं सारण जिला के दियारा क्षेत्र बाढ़ से अधिक प्रभावित हुए हैं। बाढ़ से प्रभावित सभी जिलों में राहत एवं बचाव कार्य किया जा रहा है। प्रभावित लोगों को एन0डी0आर0एफ0 एवं एस0डी0आर0एफ0 के सहयोग से जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ग्रस्त/ दियारा क्षेत्रों से सुरक्षित निकालकर राहत कैम्पों में लाया जा रहा है, जहाँ उनके लिए पका हुआ भोजन, पीने का पानी, महिला एवं पुरूषों के लिए अलग–अलग शोचालय, स्वास्थ्य जाँच, जरूरी दवाएँ, साफ–सफाई एवं प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है।

1. प्रभावित जिलो का नाम एवं संख्या – कुल जिले 12 हैं। बक्सर, भोजपुर, पटना, वैशाली, सारण, बेगूसराय, समस्तीपुर, लखीसराय, खगड़िया, मुंगेर, भागलपुर एवं कटिहार
2. प्रभावित प्रखण्डों की संख्या – 71
3. प्रभावित पंचायतों की संख्या – 513
4. प्रभावित गांवों की संख्या – 1866
5. प्रभावित जनंसख्या – 30.31 लाख
6. निष्क्रमित आबादी – 3.08 लाख
7. प्रभावित क्षेत्रफल– आकलन किया जा रहा है।
8. प्रभावित फसलों का रकवा – आकलन किया जा रहा है।
9. फसल क्षति का अनुमानित मूल्य– आकलन किया जा रहा है।
10. बाढ़ से मृत व्यक्तियों की संख्या – 28 (भोजपुर–12, वैशाली–6, भागलपुर–2, बक्सर–1, लखीसराय–1, समस्तीपुर–5, खगड़िया–1)
11. बाढ़ से मृत पशु की संख्या – 6
12. गृह क्षति (अबतक प्राप्त सूचनानुसार) – (i) पक्का– शून्य
    (ii) कच्चा– 12
    (iii) झोपड़ी– 30
13. क्षतिग्रस्त गृहों का अनुमानित मूल्य – आकलन किया जा रहा है।
14. क्षतिग्रस्त सार्वजनिक सम्पत्ति का अनुमानित मूल्य – आकलन किया जा रहा है।
15. परिचालित नावों की संख्या – 1918
16. चलाए जा रहे राहत कैम्पों की संख्या – 274
17. शिविरों में रह रहे लोगों की संख्या – 1.14

18. चिकित्सा दलों की संख्या – 160

19. पशु शिविरों की संख्या – 49

20. अबतक प्राप्त सूचनानुसार सूखा राहत वितरण का विवरण–

चूड़ा–3268 क्वीं0, गूड़–700 क्वीं0, दीया–सलाई–20110 पैकेट, मोमवत्ती–17040 पैकेट, पॉलिथिन शीट्स–18800 एवं ड्राई फूड पैकेट–107445

जल संसाधन विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार नदियाँ, जो खतरे के निशान से उपर बह रही है, वे हैं:– गंगा–बक्सर में (DL 62.32, AL 61.24) दीघा घाट (पटना) में (DL 50.45, AL 51.71), गांधी घाट (पटना) में (DL 48.60, AL 50.16), हाथीदह, (पटना) में (DL 41.76, AL 43.09), मुंगेर में (DL 39.33, AL 40.01), भागलपुर में (DL 33.68, AL 34.62), कहलगांव (भागलपुर) में (DL 31.09, AL 32.70), सोन मनेर पटना में (DL 52.00, AL 53.38), पुनपुन श्रीपालपुर पटना में (DL 50.60, AL 52.40), बुढ़ी गंडक (खगड़िया) में (DL 36.58, AL 38.61), कोसी–बलतारा (खगड़िया) में (DL 33.85, AL 34.00), कुरसेला (कटिहार) में (DL 30.00, AL 31.37), शेष सभी नदियाँ खतरे के निशान से नीचे बह रही है।

नोट 1. :– राहत एवं बचाव कार्य हेतु एस0डी0आर0एफ0 की 4 टीमें भोजपुर में, 2 टीम बेगूसराय में, 3 टीम भागलपुर में, 1 टीम खगड़िया में, 1 टीम सारण में एवं 1 टीम समस्तीपुर में लगायी गई है। इसके अतिरिक्त रोहतास, औरंगाबाद, पूर्णियां एवं मधेपुरा में भी एस0डी0आर0एफ0 की एक–एक टीम stationed हैं।

नोट 2. :– राहत एवं बचाव कार्य हेतु एन0डी0आर0एफ0 की 9 टीम पटना जिला में, 1 टीम बक्सर में, 1 टीम छपरा में , 4 टीम वैशाली में प्रतिनियुक्त, 1 टीम समस्तीपुर, 1 टीम भागलपुर में, 1 टीम बेगूसराय में, 1 टीम मुंगेर में जबकि 3 अतिरिक्त टीम दीदारगंज (पटना) एवं एक टीम सुपौल में सुरक्षित है।